आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 56 ● कटनी ●बुधवार, 30 मार्च, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## दो सिर-तीन हाथ वाले बच्चे का जन्म



**रतलाम ।** जिला अस्पताल में दो मुंह और तीन हाथ वाले बच्चे का जन्म हुआ है। जन्म के कुछ घंटे बाद ही बच्चे को इंदौर के एमवाय अस्पताल में सीनियर डॉक्टरों के पास भेजा गया। जहां उसे आईसीयू में ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। उसकी मां फिलहाल रतलाम जिला अस्पताल में ही भर्ती है। डॉक्टरों का कहना है कि, ऐसे बच्चे का जन्म मेडिकल साइंस में किसी चमत्कार से कम नहीं है। ऐसा करोड़ों में एक केस होता है। इसे पोलीसेफली कंडीशन कहा जाता है।बच्चे के पिता का नाम सोहेल खान है जो जावरा के नीमचौक में ऑटो चलाते हैं, वहीं उसकी मां का नाम शाहीन है। इनकी शादी दो साल पहले हुई थी। ये अनोखा बच्चा दोनों की पहली संतान है। रविवार रात को शाहीन की सिजेरियन डिलीवरी हुई। बच्चे के पिता का कहना है कि सोनोग्राफी देख डॉक्टर ने जुड़वा बच्चे होने की बात कही थी, लेकिन पता नहीं था कि बच्चा ऐसा होगा। बच्चे के दो सिर हैं, जो एक ही धड़ से जुड़े हुए हैं। हाथ भी तीन हैं। दो सामान्य स्थान पर है, लेकिन एक हाथ सिर के पास से निकला है। सोहेल ने कहा कि अभी हमें कुछ नहीं पता आगे क्या होगा। बस ऊपर वाले से दुआ कर रहे कि वे जिंदा बच जाएं।

## डीए में तीन फीसदी की वृद्धि संभव

**केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मियों को महंगाई भत्ताज यानी डीए में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिल सकती है। इसका फायदा 47 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों को होगा। बुधवार को होने वाली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस फैसले पर मुहर लगने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट के एजेंडे में डीए की फाइल शामिल है। अगर तीन प्रतिशत वृद्धि होती है तो डीए 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 34 प्रतिशत हो जाएगा। बढ़े हुए डीए की दरें पहली जनवरी से लागू हो सकती हैं।

## कश्मीरी पंडितों के कातिल बिट्टा पर 31 साल बाद चलेगा मर्डर केस

**श्रीनगर।** कश्मीरी पंडितों की नृशंस हत्या करने वाले बिट्टा कराटे पर 31 साल बाद केस चलने जा रहा है। बिट्टा कराटे का असली नाम फारूक अहमद डार है। बिट्टा ने खुद स्वीकार किया था कि उसने 1990 में 30 से 40 कश्मीरी पंडितों की हत्या की। अब उसपर हत्या का मुकदमा चलने जा रहा है। बिजनेसमैन सतीश टिकू की हत्या के मामले में परिवार ने फिर से सुनवाई करने की अर्जी श्रीनगर कोर्ट में दी है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सतीश टिकू के परिवार से याचिका की हार्ड कॉपी पेश करने को कहा है। अब इस मामले में 16 अप्रैल को फिर सुनवाई होगी। टिकू के परिवार की तरफ से वकील उत्सव बैंस अपना पक्ष कोर्ट में रख रहे हैं।

## रद्द हो सकती है आशीष मिश्रा की जमानत

**नई दिल्ली ।** यूपी के चर्चित लखीमपुर खीरी कांड के आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस कांड की जांच की निगरानी के लिए गठित समिति ने ऐसी सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने मिश्रा की जमानत निरस्त करने की अर्जी पर आगे सुनवाई 4 अप्रैल को तय की है। इसके पूर्व कोर्ट ने समिति द्वारा जमानत निरस्त करने की सिफारिश की जानकारी दी। मिश्रा की जमानत को पीड़ितों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

# हिजाब वाली आतंकी

## सीआरपीएफ के बंकर पर फेंका पेट्रोल बम

**श्रीनगर। जम्मू-कश्मीरके सोपोर जिले का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हिजाब पहने हुए एक महिला सीआरपीएफ के बंकर पर पेट्रोल बम फेंकती दिख रही है।**



महिला की हुई पहचान, जल्द होगी गिरफ्तार

एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें महिला बैग से पेट्रोल बम निकालकर फेंकती नजर आ रही है। वीडियो में बंकर में लगी आग को बाद में सीआरपीएफ के जवाब बुझाते नजर आते हैं। इस घटना से आतंकी गतिविधियों में महिलाओं के भी शामिल होने के सबूत मिलने की बात सामने आई है।इस घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर पुलिस का बयान भी आया है। पुलिस ने कहा कि बंकर पर बम फेंकने वाली महिला की पहचान हो गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने कहा, च्कल सोपोर में सीआरपीएफ के बंकर पर बम फेंकने वाली महिला की पहचान हो गई है। उसे जल्दी ही अरेस्ट किया जाएगा।

**जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है एक महिला कट्टरपंथी संगठन** जम्मू-कश्मीर में दुख्तरान-ए-मिल्लत नाम का एक एक महिला संगठन भी है, जो कश्मीर में इस्लामी कानून स्थापित करने और जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने के लिए जिहाद की वकालत करता है। इसकी स्थापना 1987 में हुई थी, और इसकी लीडर आसिया अंद्राबी है। अंद्राबी व उसकी सहयोगी फहमीदा सोफीसोपोर में हिजाब वाली आतंकी इस समय तिहाड़ जेल में हैं। सीसीटीवी फुटेज वाले वीडियो को फिल्मकार अशोक पंडित ने भी ट्वीट किया है। अशोक पंडित ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, चहिजाब के फायदे। आज एक बुर्काधारी महिला ने सोपोर के सीआरपीएफ कैंप में पेट्रोल बम फेंक दिया।

### एक दिन पहले ही मुठभेड़ में मारा गया था न्यूज एजेंसी का संचालक

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही श्रीनगर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस घटना में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकियों को मार गिराया था। मारे गए आतंकियों की पहचान पहचान रईस अहमद भट और बिजबेहरा के हिलाल आह राह के रूप में हुई थी। रईस अहमद वैली मीडिया सर्विस नाम से न्यूज एजेंसी चलाता था। वहीं हिलाल सी कैटेगरी का आतंकी था। महिला की ओर से पेट्रोल बम फेंके जाने के बाद हिजाब को लेकर भी बहस तेज हो गई है। हाल ही में कर्नाटक में इसे लेकर विवाद छिड़ गया था, जिस पर हाई कोर्ट ने कहा था कि स्कूलों एवं कॉलेजों में छात्राओं को यूनिफॉर्म के नियम मानने होंगे और उन्हें हिजाब पहनने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

## मुठभेड में लश्कर के 2 दहशतगर्द ढेर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार देर रात मुठभेड़ हुई। श्रीनगर के रैनावारी इलाके में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकियों को मार गिराया। इनकी पहचान रईस अहमद भट और बिजबेहरा के हिलाल आह राह के रूप में हुई है। रईस अहमद वैली मीडिया सर्विस नाम से न्यूज एजेंसी चलाता था। वहीं हिलाल सी कैटेगरी का आतंकी था। इनके पास से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

## लोक सूचना अधिकारी को भारी पड़ी अनुशासनहीनता

**सूचना आयोग ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट**

**भोपाल ।** 38 समन और सवा लाख रुपये के जुर्माने का नोटिस जारी होने के बाद भी राज्य सूचना आयोग के समक्ष पेश न होने वाली लोक सूचना अधिकारी सुरभि दुबे को यह अनुशासनहीनता भारी पड़ गई। राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने उनके विरुद्ध अब गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। रीवा जोन के सहायक पुलिस महानिरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वे दुबे को गिरफ्तार करें। यदि वह 21 अप्रैल तक आयोग के समक्ष पेश होने का आश्वासन देती हैं तो उन्हें पांच हजार रुपये के मुचलके पर छोड़ा जा सकता है। इससे पहले भी मप्र के बुरहानपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा विक्रम सिंह के खिलाफ वांरट जारी किया गया था। सुरभि दुबे मूलत पंचायत निरीक्षक के पद पर जनपद पंचायत रीवा में पदस्थ हैं। उनके पास रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के लोक सूचना अधिकारी का भी प्रभार है।दुबे को छह अपील प्रकरणों में सुनवाई के लिए राज्य सूचना आयोग ने 38 समन जारी किए पर वे उपस्थित नहीं हुईं। उन्होंने आयोग के आदेश अनुसार कोई जानकारी सूचना का अधिकार के तहत आवेदक को उपलब्ध भी नहीं कराई। आयोग ने एक प्रकरण में कुछ दस्तावेज मांगे तो वो भी नहीं दिए। छह अपील के प्रकरणों में आयुक्त राहुल सिंह ने एक लाख 25 हजार रुपये के जुर्माने का कारण बताओ नोटिस भी जारी किया पर वे न तो आयोग के समक्ष उपस्थित हुईं और न ही कोई जवाब दिया। उन्होंने आनलाइन फोन पर सुनवाई की मांग की, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

# संकट में ठाकरे सरकार?

## कांग्रेस के 25 विधायकों के बागी तेवर सोनिया से मांगा मिलने का समय

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना गठबंधन की सरकार चल रही है। उद्धव ठाकरे इस सरकार के मुखिया हैं।



महाराष्ट्र के सियासी गलियारों से तीनों दलों के बीच तकरार की खबरें लगातार आती रही हैं। अब खबर आ रही है कि महाराष्ट्र के कम से कम 25 कांग्रेस विधायकों ने महा विकास अघाड़ी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कांग्रेस के मंत्रियों के खिलाफ ही शिकायत करने के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने का समय मांगा है। उनका आरोप है कि उनकी ही पार्टी के मंत्री उनकी चिंताओं का जवाब नहीं दे रहे हैं। विधायकों ने एक पत्र में सोनिया गांधी से चीजों को ठीक करनेज्के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। एक अंग्रेजी अखबार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ विधायकों ने कहा है कि एमवीए में मंत्री, विशेष रूप से कांग्रेस के मंत्री, उनकी बात नहीं सुन रहे हैं। उनमें से एक ने कहा, अगर मंत्री विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में काम को लागू करने के अनुरोधों की अनदेखी करते हैं, तो पार्टी चुनावों में अच्छा प्रदर्शन कैसे करेगी? पार्टी में समन्वय की कमी का संकेत देते हुए विधायकों ने कहा कि उन्हें पिछले सप्ताह ही पता चला कि कांग्रेस के प्रत्येक मंत्री को उनके मुद्दों को उचित रूप से संबोधित करने के लिए पार्टी के तीन विधायकों को सौंपा गया था। एक अन्य कांग्रेस विधायक ने कहा, हमें तब पता चला जब एचके पाटिल ने हाल ही में एक बैठक की थी कि कांग्रेस मंत्रियों को तीन-तीन विधायक आवंटित किए गए थे। यह स्पष्ट रूप से एमवीए सरकार बनने के कुछ महीने बाद किया गया था, लेकिन हमें इसके बारे में केवल 2.5 साल पहले ही पता चला।

# पेट्रोल-डीजल करीब 1 रुपए महंगा 9 दिन में आठवीं वृद्धि


**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी का सिलसिला 30 मार्च, बुधवार को भी जारी रहा। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे पिछले नौ दिनों में दरों में कुल वृद्धि 5.60 प्रति लीटर हो गई। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 101.01 रुपये प्रति लीटर होगी, जबकि डीजल की कीमतें 91.47 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 92.27 रुपये हो गई हैं। वहीं 84 पैसे और 85 पैसे की बढ़ोतरी के बाद मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमतें प्रति लीटर क्रमशः 115.88 रुपये और 100.10 रुपये तक पहुंच गई। देश भर में दरों में वृद्धि की गई है और स्थानीय कराधान की घटनाओं के आधार पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हैं। अक्टूबर 2021 में 13 राज्यों की 29 विधानसभा और 3 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव में भाजपा को उम्मीद के अनुसार नतीजे नहीं मिले थे। उसके बाद पेट्रोल पर 5 रुपए टैक्स घटा था। मार्च में यूपी समेत 5 राज्यों में चुनाव हुए। नवंबर से मार्च तक कच्चे तेल के दाम 72.6प्रश तक उछले, लेकिन तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए। 10 मार्च को आए चुनावी नतीजे भाजपा के लिए अच्छे रहे। इसके 12 दिन बाद दाम बढ़ने शुरू हो गए, जबकि कच्चे तेल के दाम घट रहे हैं। मंगलवार को कच्चा तेल 6.79प्रश गिरावट के साथ 104.84 डॉलर/बैरल रहा। यह उच्चतम स्तर से 31 प्रश कम है।



### 20 रुपए तक बढ़ सकते हैं दाम

क्रिसिल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमत में 15 से 20 रुपए का इजाफा करना होगा। इस लिहाज से देखें तो पेट्रोल-डीजल की कीमत में अभी और 18 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले दिनों मूडीज रेटिंग एजेंसी ने रिपोर्ट जारी कर कहा था कि भारत के टॉप फ्यूल रिटेलर्स IOC, BPCL और HPCL को नवंबर से मार्च के बीच करीब 2.25 अरब डॉलर (19 हजार करोड़ रुपए) के रेवेन्यू का नुकसान हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सरकार रिफाइनरी को नुकसान से बचाने के


## Pakistan: MQM-P ने मिलाया विपक्ष से हाथ



### इमरान की गद्दी जाना लगभग तय

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्र इमरान खान अपनी कुर्सी बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। इस पर 3 अप्रैल में वोटिंग होना है। इस बीच, इमरान खान ने आखिरी दांव भी खेल लिया है। इमरान खान ने अपनी पार्टी PTI के सभी सांसदों को व्हिप जारी किया है और कहा है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग वाले दिन सदन की कार्रवाई से अनुपस्थित रहें। सांसदों के लिए Imran Khan की ओर से जारी इस चिट्ठी में यह भी लिखा गया है कि वो सांसद इस आदेश का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।खबर है कि इमरान खान की सरकार की सहयोगी पार्टी MQM-Pakistan ने विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यदि ऐसा होता है तो इमरान खान की सरकार गिरना तय है। हालांकि MQM-Pakistan को मनाने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। इमरान खान ने सिंध के गवर्नर इमरान इस्माइल को सुबह 4.30 बजे एमक्यूएम-पी नेतृत्व से मिलने के लिए भेजा। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री परवेज खट्टक भी शामिल हैं।

# लॉकर में बंद हुआ 84 साल का बूढ़ा



**बैंक वालों ने गलती से लगा दिया था ताला, 18 घंटे बाद मिले बेहोश**

**हैदराबाद ।** हैदराबाद में एक 84 साल के बुजुर्ग बैंक कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से लॉकर में कैद हो गए। वह करीब 18 घंटे तक लॉकर में ही रहे। इसके बाद जब पुलिस ने उनके बारे में छानबीन शुरू की तो बुजुर्ग के बारे में पता चल सका। जैसे ही पुलिस ने लॉकर खुलवाया वह बेहोश मिले, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह पूरा मामला हैदराबाद के जुबली हिल्स इलाके का है। यहां के निवासी वी कृष्णा रेड्डी सोमवार करीब चार बजकर 20 मिनट पर निजी काम के चलते बैंक गए थे। बैंक पहुंचते ही उन्होंने अपना लॉकर खुलवाया। इस दौरान रेड्डी यह भूल गए कि बैंक बंद होने का समय हो रहा है। ऊपर से बैंक कर्मचारियों ने भी ध्यान नहीं दिया कि कोई व्यक्ति लॉकर रूम में है। कर्मचारी बैंक में ताला लगाकर वहां से चले गए। शाम तक जब कृष्णा रेड्डी घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। जब किसी को कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बैंक का पता लगाया। इसके बाद सुबह जब साढ़े दस बजे लॉकर रूम खोला गया तो रेड्डी फर्श पर बेहोश पड़े मिले। परिजनों ने बताया कि कृष्णा रेड्डी डायबटीज व बीपी के मरीज हैं। बेहोशी की हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बुजुर्ग अभी भी सदमे में है।

# सीवर में फंसे 4 लोगों ने तोड़ा दम

**केबल की मरम्मत करने उतरे थे मजदूर, बचाने गए रिक्शा चालक की भी गई जान**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में मंगलवार शाम को सीवर में फंसे चार लोगों को तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं बचाया जा सका। एनडीआरएफ की टीम ने सुबह चारों के शव बाहर निकाले। संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में सीवर से गुजर रही टेलीफोन केबल की मरम्मत करने घुसे तीन मजदूर फंस गए। इन्हें निकालने गया रिक्शा चालक भी अंदर ही फंस गया। एनडीआरएफ की टीम ने रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन किसी की जान नहीं बच पाई।जानकारी के अनुसार, रोहिणी सेक्टर के ई ब्लाक में सीवर के भीतर से टेलीफोन की केबल गुजर रही है। इन केबल में फॉल्ट की शिकायत मिली थी। फॉल्ट ठीक करने का ठेका जनकपुरी स्थित निजी फर्म को दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगवार शाम को सुपरवाइजर सूरज साहनी दो मजदूरों बच्चू एवं पिंटू के साथ मौके पर मरम्मत करने गया था। करीब 15 फीट गहरे सीवर के ढक्कन को हटाकर बच्चू एवं पिंटू अंदर घुसे। सीवर में टेलीफोन के अलावा बिजली के भी तार थे। काफी देर तक नहीं निकलने पर पर सूरज उन्हें देखने के लिए सीवर में घुसा। लेकिन वह खुद भी फंस गया। इस दौरान वहां खड़े रिक्शा चालक सतीश ने यह हादसा देखा। वह इनकी जान बचाने के लिए सीवर में घुस गया। एक के बाद एक करके चार लोगों के सीवर में फंसने पर हड़कम्प मच गया। करीब साढ़े छह बजे पुलिस एवं दमकल को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर बचाव दल पहुंच गया।

## स्कूल में मिड-डे मील खाने से 57 छात्र बीमार, दाल में देखी छिपकली

**डिंडोरी ।** जिले के एक सरकारी स्कूल में मंगलवार को मिड-डे मील खाने से 57 छात्र बीमार पड़ गए। समनापुर प्रखंड के केवलारी के सरकारी मिडिल स्कूल के शिक्षक एलएस पारस्ते ने बताया कि एक छात्रा ने अपनी थाली में दाल में छिपकली देखी। उन्होंने बताया कि दोहपर का भोजन करने के बाद 57 छात्र बीमार पड़ गए। उन्होंने उल्टी और पेट में दर्द की शिकायत की और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

# रीवा जिले में मानवता शर्मसार

## चारपाई पर शव लेकर पांच किमी चलीं महिलाएं



**रीवा ।** जिले में मानवता को शर्मशार करने वाला एक मामला सामने आया है। रायपुर कर्चुलियान के सरकारी अस्पताल में मृत वृद्धा के शव को उनकी बेटियों व बहुओं को चारपाई पर लेकर घर जाना पड़ा। अस्पताल से शव वाहन नहीं मिला तो मजबूरी में उन्हें पांच किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ा। न तो अस्पताल प्रबंधन ने उनकी सुध ली और न रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों ने कोई मदद की। महिला का शव ले जाता वीडियो मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ तो कलेक्टर ने जांच के आदेश दे दिए हैं। रायपुर कर्चुलियान स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को महसुआ गांव निवासी 80 वर्षीय मोलिया केवट की मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार की दो बेटियों और दो बहुओं ने शव वाहन की तलाश की। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने शव वाहन की मांग की थी, लेकिन यहां पदस्थ कर्मचारियों ने कह दिया कि अस्पताल में शव वाहन की व्यवस्था नहीं है। जब वाहन नहीं मिला तो चारपाई पर शव रखकर पैदल घर के लिए चल पड़ीं।

### इनका कहना है

इंटरनेट मीडिया के जरिए हमें भी ऐसी जानकारी लगी है। मामले की जांच करा रहे हैं। जो भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**-मनोज पुष्प, कलेक्टर, रीवा।**

## रीवा में महंत पर दुष्कर्म का आरोप, नाबालिग ने बताई आपबीती; केस दर्ज

**रीवा ।** रीवा के सर्किट हाउस में सनसनीखेज वारदात का मामला सामने आया है। कथावाचक महंत सीताराम दास महाराज पर नाबालिग ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। स्थानीय सर्किट हाउस में महंत सीताराम ने अपने साथियों के सहयोग से नाबालिग के साथ किया। दुष्कर्म पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई शिकायत घटना के बाद महंत हुए फरार पुलिस ने एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि महंत एक अप्रैल से शुरू होने वाले हनुमान कथा में शामिल होने रीवा आए थे। बताया जा रहा है कि सतना की रहने वाली लड़की का कुछ काम था जो नहीं हो पा रहा था उस काम को पूरा कराने का भरोसा दिलाते हुए महंत सीताराम से मिलवाने विनोद पांडेय नाम के युवक ने नाबालिग को रीवा बुलाया था।

## धार के ग्रामीण बैंक मैनेजर पर लोकायुक्त ने छापा मारा

# क्लर्क से मैनेजर बना अधिकारी निकला करोड़पति



**भोपाल।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के धार जिले के कुक्षी के मैनेजर राजाराम शिंदे के ठिकानों पर लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा है। क्लर्क से भर्ती हुए शिंदे अब तक की कार्रवाई में करोड़पति निकले हैं जिसके घर से लोकायुक्त पुलिस को अब तक कई अचल संपत्ति और बैंक खातों के दस्तावेजों सहित नकद राशि मिली है। दो साल पहले ही नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक और सेंट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक को आरबीआई ने मर्ज कर मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक गठित किया था। इस मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में राजाराम शिंदे कुक्षी शाखा के मैनेजर थे। उनके खिलाफ लोकायुक्त पुलिस को आय से अधिक संपत्ति की शिकायत हुई थी जिसकी जांच के बाद इंदौर की लोकायुक्त पुलिस टीम ने आज सुबह कार्रवाई की है।

### तीन लाख की नकदी घर पर मिली

लोकायुक्त पुलिस की छापा मार कार्रवाई में अब तक उसके यहां से करीब तीन लाख की नकद राशि मिली है और उसके नाम के दो मकान, एक प्लाट के दस्तावेज लोकायुक्त पुलिस को मिल चुके हैं। तीन दोपहिया और दो चार पहिया गाड़ियों के साथ उसका बड़ौदा बैंक में एक लॉकर मिला जिसे खोलने की कार्रवाई शुरू कने की औपचारिकता पूरी कर दी गई है। उसके पास पांच लाख की एक एफडी और कई बीमा पॉलिसी भी मिली है।



मंडला, जबलपुर, कटनी,भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# समस्या मूलभूत सुविधाओं को तरसता उपनगरीय क्षेत्र

**कटनी।** लगता है पूरे शहर का ध्यान सिर्फ शहर तक ही सीमित है। एक शिकायती पत्र को देखे तो यह बात सही है शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में निगम का ध्यान नहीं है। शहर के ही कई स्थानों में नागरिक मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। यहां बिजली, पानी, सड़क सहित मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। शहर के नागरिक इन्हीं असुविधाओं में रहने के लिए मजबूर हैं। शहर के ओव्हर ब्रिज के उस पार बसे वेंकट वार्ड राजीव गांधी वार्ड विनोबाभावे वार्ड, रफी अहमद किदवई वार्ड नव निर्मित वार्ड के यह हाल हैं। शहर के रफी अहमद किदवई वार्ड की साईंपुरम कॉलोनी के नागरिक मूल भूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां पर सड़क और नालियों की व्यवस्था नहीं है। स्थानीय रहवासियों ने समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यहां पर मांग के बाद भी विकास के कोई कार्य नहीं किए गए। रहवासियों ने अपनी समस्या बताते हुए बताया कि यहां पर सड़क की बनी ही नहीं। सड़क न बनने से नालियां भी नहीं बन पाई हैं। इससे आम नागरिकों बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बारिश में बच्चों को स्कूल जाने में सड़कों की वजह से परेशानी होती है।



स्थानीय रहवासियों ने बताया कि यहां पर खंभों में स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगाई गई है। इससे लोगों को परेशानी होती है। मामले की शिकायत कई बार नगरनिगम से की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है। सड़क पर नालियां न होने की वजह से जल निकासी नहीं हो पा रही है। इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। पर समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। नागरिकों ने बताया कि बारिश का पानी सड़क में निकल न पाने की वजह से घुटनों तक भर जाता है। किदवई वार्ड के नागरिकों ने बताया कि यहां पर स्ट्रीट लाइट न होने की वजह से रात होती ही अंधेरा छा जाता है। इससे लोगों में दहशत का माहौल रहता है। स्थानीय लोगों ने नगरनिगम से समस्याओं के समाधान किए जाने की मांग की गई है। वहीं वेंकट वार्ड के नागरिक पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। नागरिकों ने ने बताया कि नल की समस्या सबसे ज्यादा गंभीर है। नागरिकों को परेशानी हो रही है। इस बात की शिकायत कई बार की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसी वार्ड में कई खंबों पर स्ट्रीट लाइट भी नहीं है। इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। रात के अंधेरे में घर से बाहर निकलने पर लोग जहरीले जंतुओं का भी शिकार हो रहे हैं। उधर राजीव गांधी वार्ड में सड़क की समस्या सामने आई। बारिश में विशेष कर स्कूली बच्चों को सड़क न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की शिकायत कई बार की गई लेकिन समाधान नहीं निकला।

# वॉटर हार्वेस्टिंग की शपथ को भूले लोग

## नक्शा पास कराते समय खाई कसम पर कहीं नहीं है बारिश के जल संग्रह का इंतजाम

**कटनी।** पेयजल संकट के बाद भी लोगों में जागरूकता नहीं आ पा रही है। नगरनिगम में धरोहर के रूप में करीब 35 लाख रुपये की राशि रखी है। जिसे लोगों ने इस शर्त पर जमा की थी कि आप हमारा नक्शा पास कर देंए एनओसी दे देंए हम अपने भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवा लेंगे। इसके लिए धरोहर के रूप में हम यह राशि आपके पास जमा करते हैं लेकिन नक्शा पास होते ही नागरिक शर्त के साथ धरोहर राशि भी भूल गए। नगरनिगम लोगों से अपील करता है कि भाइयो पानी रोकोए पानी रोकोए पानी रोको लेकिन लोग हैं कि सुनने को ही तैयार नहीं है। नगरनिगम के खाते में धरोहर राशि के रूप में करीब 35 लाख रुपये जमा हो गए हैं। इससे पहले यह राशि करोड़ों में थी। लेकिन नगरनिगम ने टेंडर निकालकर हाल ही में करीब दो सौ भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए हैं। जिले में भूजल स्तर लगातार कम हो रहा है। पेयजल की कमी से शहर सहित गांवों में लोग परेशान होने लगे हैं। शहर में पेयजल की कटौती कर दी गई है। हफ्ते में चार दिन लोगों को पेयजल मिल रहा है। नागरिकों में जल के प्रति जागरुकता की कमी के कारण बीते करीब 13 वर्षों के प्रयास में करीब तीन सौ भवनों में ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा सका है। इससे जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।



### वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

नक्शा पास करते समय सिस्टम के पालन की अनिवार्य शर्त है। भूस्वामियों से धरोहर राशि भी जमा कराई जाती है। 140 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल पर भवन निर्माण के लिए रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम के प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। लेकिन इसके लिए प्रयास नहीं किए जाते हैं। इसके लिए शहर के हर मकान में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा होना जरूरी है। औसत से अधिक बारिश के बाद भी हर वर्ष जल स्तर नीचे चला जाता है। मप्र भूमि विकास नियम की धारा 74ध्4 अनुसार भवन निर्माण में हार्वेस्टिंग का प्रावधान है। ननि में भवन का नक्शा पास होते समय भूस्वामियों से हार्वेस्टिंग सिस्टम का पालन कराने वाले भूस्वामियों को धरोहर राशि वापस कर दी जाती है। लेकिन अभी तक केवल कुछ दर्जन भूस्वामी ही अपनी धरोहर राशि वापस लेने पहुंचे है। गर्मियों में शहर के बाहरी इलाकों एनकेजेए पहरुआए रवीनंद्र नाथ टैगोर वार्ड व संजय नगर में वाटर लेबल करीब 100 से 150 फीट गहराई तक बल्कि कई जगह इससे भी नीचे चला जाता है।

# रोशनी को सांसद ने किया सम्मानित

**कटनी।** भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष माधव नगर मंडल एवं सांसद खेल महोत्सव के लिए प्रभारी हर्ष पांडे ने एसीसी ग्राउंड पर सांसद अरूण सिंह तथा वीडी शर्मा के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सांसद द्वय ने कटनी की पांच बार की नेशनल प्लेयर रोशनी सिंह परिहार को उनकी उपलब्धियों पर सम्मानित किया। मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष पांडे ने बताया कि सांसद श्री शर्मा ने रोशनी सिँह को लगातार पांच बार मध्यप्रदेश का खेल में प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि



यह कटनी खजुराहो संसदीय क्षेत्र के साथ साथ प्रदेश और राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। हमारे प्रधानमंत्री ज़ी की प्रेरणा से युवाओं को खेल से जुड़कर स्वास्थ्य सम्पन्न राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया है हमारे युवा नागरिक खेल से अवश्य जुडकर इस लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। इसके पूर्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ताओं ने श्री शर्मा एवं अल्प प्रवास पर आए युवा मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार का स्वागत किया।

# रोज बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामों से टेंशन में लोग



**कटनी।** शहर में पेट्रोल के रेट बहुत दिनों तक 108 रुपये पर लीटर पर स्थिर रहे डीजल के रेट 92 रुपये लीटर पर थमे थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। बीते 4 दिनों में पेट्रेल डीजल के दामों में दो रूपए से अधिक की वृद्धि से लोग टेंशन में हैं। अभी इसमें और उछाल आ सकता है। यह खबर सुनकर लोग परेशान हैं। दरअसल इससे लोगों में आशंका बनी है अब चुनाव भी हो गए हैं। अब तक तो एक दो रूपऐ की बढ़ोत्तरी हुई लेकिन आने वाले दिनों में कहीं फिर न पेट्रोल डीजल के दाम लोगों को रुलाने लगें। हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों को अभी इस बात के संकेत नहीं मिले जिसमें एक मुस्त कीमतों उछाल की संभावना हो लेकिन धीरे धीरे बढ़ते दाम भी सस्ते पेट्रोल और डीजल को सपना सा बनाते जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस सब के बाद भी ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी वाहनों की बिकवाली का दौर जारी है। आपको बता दें कि देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्ना होकर सरकार का गठन भी हो गया इन चुनाव के दौरान ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की चर्चाएं थीं पर दाम नहीं बढ़े उसके बाद यूक्रेन रूय युद्ध के चलते भी पेट्रोल डीजल में बढ़त की अफवाह चलती रही पर ऐसा नहीं हुआ लेकिन अब धीरे धीरे फिर से कीमत बढ़ने लगीं है जो पता नहीं कहां जाकर ठहरती हैं। डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ने को लेकर कटनी के लोगों में आशंका बनी हुई है। गौरतलब है कि जस प्रकार से लगातार ही नवंबर माह से डीजल-पेट्रोल के दाम स्थिर चल रहे थे उससे लोगों में राहत थी पर अब नागरिक इस बात की चर्चा लगातार कर रहे हैं कि डीजल-पेट्रोल में दरों में बड़ी वृद्धि कभी भी हो सकती है।

# इन ऐतिहासिक स्थानों को संवार कर पर्यटकों को लुभाया जा सकता है

## राजा कर्ण की राजधानी कही जाने वाले बिलहरी में कई धरोहरें

**कटनी।** कटनी जिले की ऐतिहासिक धरोहरों को संवार कर पर्यटकों को लुभाया जा सकता है। सिर्फ बिलहरी की बात करें तो यहां एक नहीं अनेक ऐसे स्थान हैं जहां के बारे में देश दुनिया को जानकारी नहीं। कटनी में स्टोन को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी की तरह अगर विरासतों की प्रदर्शनी भी लगाई जाए तो जनमानस को कटनी की इन धरोहरों के बारे में जानकारी मिल सकेगी।



### पर्यटन स्थलों में फिर भीड़ दिखने लगी


वैसे भी लंबे समय से कोरोना के बाद अब फिर जिले में पर्यटन स्थलों में फिर भीड़ दिखने लगी है। कई वर्षों से घरों में बंद लोग अब धीरे-धीरे सामान्य जीवन की तरफ बढ़ रहे हैं। ऐसे में नागरिक पर्यटन स्थलों की तरफ भी रुख कर रहे हैं। जिले में पर्यटन की दृष्टि से प्राकृतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थान हैं। विडंबना यह है कि इन स्थानों को प्रशासनिक उपेक्षा के कारण पर्यटन के नक्शे में वह स्थान नहीं मिल सका जिसके काबिल ये स्थान हैं। लेकिन फिर लोग यहां पहुंचते हैं। प्रशासनिक रूप से उपेक्षित इन स्थानों को आज भी विकास की दरकार है लेकिन इन स्थानों का सौंदर्य अकथनीय है। ये हैं जिले के सुंदर प्राकृतिक, धार्मिक स्थान हैं जिन पर जाकर आप अपनी थकान दूर कर सकते हैं। जिला पर्यटन की संभावनाओं से भरा है। इन स्थानों पर यदि प्रशासन नजर डाले तो ये स्थान पर्यटन की दृष्टि से बेहतर साबित हो सकते हैं। इन स्थानों की पड़ताल नईदुनिया ने की जो पर्यटन की दृष्टि बेहतर साबित होंगे। लेकिन ये स्थान प्रशासनिक उदासीनता के शिकार हैं। पर्यटन की असीम संभावनाएं के बीच कटनी जिला मप्र पर्यटन के नक्शे में अपने स्थान बनाने में कामयाब नहीं हो सका। पहले भी पर्यटन विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन पर्यटन विकास नहीं हो सका। बिलहरी के पर्यटन को भी प्रचार नहीं मिल सका। राजा कर्ण की राजधानी कही जाने वाले बिलहरी नगरी में बने कुंड सैकड़ों वर्ष पुराने अतीत को संजोये हुए हैं। यहां पर राजा कर्ण का किला, गया कुंड, काम कंदला की नृत्यशाला, बावली, मंदिर, रंगमहल, फांसीघर, सहित कई महत्वपूर्ण स्थल लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं। सबसे ज्यादा यहां लोगों को बने कुंड आकर्षित करते हैं। यहां प्राचीन विशाल मंदिरों के साथ राजा कर्ण के किले के अवशेष, सजा देने का स्थान, रानी की श्रृंगार चौरी, बावली, कामकंदला वर्षों पुराने इतिहास को बयां कर रहे हैं। कलचुरी वंश का 10वीं शताब्दी का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। बिलहरी को प्राचीन पुष्पावतीध बताया जाता है और इसका संबंध माधवानल और कामकंदला की प्रेम गाथा से जोड़ा गया है। बिलहरी में प्रवेश करते ही एक विशाल जलाशय तथा एक प्राचीन गढ़ी दिखाई देती है। एक विशिष्ट अभिलेख बिलहरी से प्राप्त हुआ है।




# शहर में महिला प्रसाधन स्थल का अभाव

**कटनी।** शहर के विभिन्ना स्थानों में नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोग अपने स्तर समस्याओं के समाधान के प्रयास करते हैं लेकिन समस्या हैं कि जसतस की हैं। ऐसा शहर के बीचों-बीच बसा बाजार क्षेत्र है। शहर के नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। गोलबाजार घंटाघर से कचहरी चौक सिविल लाइन शहर का सेंटर हो लेकिन समस्या से मुक्ति यहां भी नहीं हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पर समुचित प्रसाधन सुविधाएं भी नहीं हैं। इससे लोग परेशान होते हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिविल लाइन के स्थित सहकारी बैंक और कियोस्क सेंटर में महिलाओं का भी आना-जाना रहता है लेकिन इसके बाद भी यहां पर एक प्रसाधन गृह नहीं बनवाया जा रहा है। इससे महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सिविल लाइन क्षेत्र में नशे की समस्या भी दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां पर नशामुक्ति के लिए अभियान चलाए जाने की जरूरत है। यहां पर कई ऐसे अड्डे धीरे-धीरे पनप रहे हैं जहां पर युवा नशे की प्रवृत्ति की चपेट में आ रहा है। इन केंद्रों पर अब कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके अलावा अंदरूनी गलियों में सफाई न हो पाना भी एक समस्या है। जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं।

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से 11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207



# 7 सौ करोड़ की पंचवर्षीय योजना का फिर अता पता नहीं

**कटनी।** कटनी शहर में विकास की गति तेज करने के साथ ही नागरिक सुविधाओं के 704 करोड़ रुपए की पंचवर्षीय योजना मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 6 फरवरी को बनी थी। सीएम की मौजूदगी में बनी इस योजना में सात माह बीतने के बाद भी प्रक्रिया डीपीआर से आगे नहीं बढ़ सकी है। कुछ निर्माण को ऐसे भी हैं, जो अब तक प्रस्ताव तक ही सीमित हैं। इधर अधिकारी दावा करते हैं कि मुख्यमंत्री घोषणा पर तेजी से काम चल रहा है। आने वाले कुछ ही महीनों में ये काम जमीन पर दिखने लगेंगे। गर्ग चौराहा तक चौड़ीकरण के कुछ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पहले जरुरी है। चांडक चौक से लेकर घंटाघर और उसके आगे गर्ग चौराहे तक सड़क पूरी तरह सें बर्बाद हो चुकी है। इसे लेकर गत दिवस स्थानीय व्यसायियों ने प्रभारी मंत्री का भी ध्यान आक्रष्ट कराया था। पर अब तक इस मसले पर क्या हुआ कुछ पता नहीं है।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से



RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से




ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से



MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 30 मार्च 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कोरोना काल में दी सेवाएं, अब हटाने के आदेश

## अस्थायी कर्मचारियों की 31 मार्च से सेवाएं समाप्त करने नेशनल हेल्थ मिशन का फरमान

**कटनी।** पिछले दो सालों के दौरान कोरोना संक्रमण काल में चौबीस घंटे सेवा के लिए तत्पर अस्थायी कर्मचारियों की नौकरी एक बार फिर खतरे में आ गई है। संक्रमण का असर कम होने के बाद अब नेशनल हेल्थ मिशन भोपाल ने अस्थायी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया है। एनएचएम के आदेश से हजारों कर्मचारी सड़क पर आ जाएंगे और वो बेरोजगार हो जाएंगे।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर नेशनल हेल्थ मिशन ने अस्थायी तौर पर कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। जिसमे स्टाफ नर्स के साथ ही लैब टेक्नीशियन, डाटा एंट्री आपरेटर, लैब असिस्टेंट शामिल थे। अब कोराना संक्रमण को देखते हुए पिछले दो साल में अलग अलग चरण में रखे गए अस्थायी कर्मचारियों की सेवाएं 31 मार्च से समाप्त करने के निर्देश राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन की मिशन संचालक प्रियंका दास ने दिए हैं। उन्होंने सीएमएचओ और सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। इसके पहले स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने इस संबंध में आदेश दिए थे। एनएचएम के इस आदेश से हजारों कर्मचारियों की रोजी रोटी पर संकट आ जाएगा। पिछले साल भी इसी तरह का एक आदेश जारी किया गया था। जिसका पूरे प्रदेश में काफी विरोध हआ था। बाद में सरकार ने यह आदेश वापस ले लिया था। अब एक बार फिर एनएचएम ने अस्थायी कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।



### स्थानीय स्तर पर कर्मचारी रखे तो सरकार नहीं देगी वेतन

राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन की मिशन संचालक प्रियंका दास ने यह भी साफ कर दिया है कि किसी भी जिले में स्थानीय स्तर पर कर्मचारी रखे जाते हैं तो उसके भुगतान के लिए जिम्मेदार जिले के अधिकारी होंगे। राज्य स्तर से किसी भी हाल में बजट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को भी पत्र लिखकर यह स्पष्ट कर दिया है कि मेडिकल कालेजों से संबद्ध अस्पतालों में जो भी जो कर्मचारी कोरोना की जांच व इलाज के लिए अस्थायी तौर पर रखे गए थे, उनकी सेवाएं 31 मार्च के बाद स्वतः समाप्त हो जाएगी।

### यह होगा असर

इन अस्थायी कर्मचारियों के हटाए जाने के बाद जिलों में संचालित हो रहे आधे से ज्यादा फीवर क्लीनिकों में कोरोना की जांच बंद हो जाएगी। इसके अलावा हर जिले में संचालित काल सेंटर में भी कर्मचारी कम हो जाएंगे। काल सेंटर में इन दिनों टीकाकरण से जुडी शिकायतें सबसे ज्यादा आ रही हैं। इनकी सुनवाई नहीं हो पाएगी।

# बैटरी चलित ट्राय साइकिल के लिए भटक रहा विकलांग

**कटनी।** राज्य सरकार द्वारा विकलांगों के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन कटनी जिल में इन योजनाओं का उचित क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से जहां शासन की मंशा को पलीता लग रहा है तो वहीं इस वर्ग के लोगों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला विगत दिवस सामने आया है, जहां मिशन चौक निवासी एक व्यक्ति बैटरी चलित ट्रायसाइकिल के लिए भटक रहा है। उसने ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश से बैटरी चलित ट्रायसाइकिल दिलवाने की मांग की है। जिस पर संगठन द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखा है। जानकारी के मुताबिक मिशन चौक निवासी मो. सलीम पिता गुलाम रसूल जन्मजात विकलांग है। राज्य सरकार द्वारा उसे विकलांग प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है। इसके बावजूद उसे आज तक बैटरी चलित ट्रायसाइकिल प्रदान नहीं की गई है। बताया जाता है कि जब मो. सलीम ने संबंधित विभाग में बैटरी चलित ट्रायसाइकिल के लिए संपर्क किया तो यह कहा गया कि उसके पहले से ट्रायसाइकिल है, जबकि उसने बैटरी चलित ट्रायसाइकिल की मांग की थी। परेशान होकर उसने ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के जिलाध्यक्ष अहमद कुरैशी को अपनी परेशानी बताई। जिलाध्यक्ष अहमद कुरैशी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विकलांगों को बैटरी चलित ट्रायसाइकिल प्रदान की जा रही है, जबकि मो. सलीम के साथ ही उसकी पत्नी भी विकलांग है। दोनों पति-पत्नी कार्य करने में पूर्ण रूप से असमर्थ हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को लिखे गए एक पत्र में मो. सलीम को बैटरी चलित ट्रायसाइकिल प्रदान किए जाने की मांग की गई है।



### योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राही, संबंधित विभाग की लापरवाही

# लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम में 3 अप्रैल को सभागार आयाम का उद्घाटन करेंगे विधायक

## कथक नृत्यांगना कनिका की शानदार प्रस्तुति होगी



**कटनी।** लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम हिरवारा में 3 अप्रैल को शाम 3 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल कृष्ण द्वारा कथक, कनिका दुबे के गीत, मयूर रामावत और सूरज राय, सूरज प्रज्ञा शर्मा की कविता सहित दिल को छू लेने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसी के साथ सभागार आयाम का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा किया जाएगा। डॉ समीर चौधरी, तुषार भट्टाचार्य तपन और सुधीर पाराशर ने समस्त आमंत्रिजनों से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

# गेहूं उपार्जन के पहले हड़ताल पर सहकारिता कर्मचारी

## 1 अप्रैल को सीएम हाऊस के घेराव व सामूहिक इस्तीके की धमकी

**कटनी।** अप्रैल के महीने में कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जाना है लेकिन इसके पहले ही सहकारिता कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू हो गई है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सहकारिता विभाग के कर्मचारी विगत 21 मार्च से हड़ताल पर हैं। इसके बावजूद सरकार ने अब तक न तो हड़ताली कर्मचारियों से वार्ता की है और न ही उनकी मांगों पर अब तक कोई निर्णय हो पाया है। मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर आगामी एक अप्रैल को राजधानी भोपाल में सीएम हाऊस का घेराव करते हुए सामूहिक इस्तीफा दिया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सहकारिता मंत्री अरविन्द भदौरिया एवं खाद्य मंत्री बिसाहू लाल सिंह के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सहकारिता मंत्री ने अपनी घोषणा में कर्मचारियों को नियमित वेतनमान दिए जाने के निर्देश दिए थे लेकिन प्रशासन द्वारा सेवा नियम अनुसार वेतन दिए जाने के आदेश जारी किए गए, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इसी प्रकार बैंक केडर भर्ती में संस्थाओं से कर्मचारियों को प्रदेश स्तर पर भर्ती प्रक्रिया में एकरूपता एवं नियमों में शिथिलता करते हुए भर्ती की जाए। संगठन ने मांग की है कि समस्त कर्मचारियों को शासकीय कर्मचारी की भांति वेतन दिया जाए। इसके आदेश पांच दिन में जारी किए जाएं। अन्यथा महासंघ के आव्हान पर प्रदेश की समस्त सहकारी संस्थाएं, शासकीय उचित मूल्य की दुकान बंद कर 55 हजार कर्मचारी कलमबंद आंदोलन, धरना प्रदर्शन एवं घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।



### विधायक को सौंपा ज्ञापन

इधर कटनी जिले में भी सहकारिता विभाग के कर्मचारी पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। विगत दिवस अपनी मांगों के समर्थन में संघ के जिला इकाई के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक से उनके निवास पर मुलाकात की और उन्हें जायज मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राहुल तिवारी जिलाध्यक्ष, मनोज द्विवेदी उपाध्यक्ष, सतीश तिवारी, रमाकांत मिश्रा, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, संतु गर्ग एवं शाखा बरही एवं विजयराघवगढ़ के समस्त कचरी उपस्थित रहे। विधायक श्री पाठक ने उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।





# चेट्रीचंड महोत्सव पर नई बस्ती में निकली प्रभात फेरी

**कटनी।** भगवान श्री झूलेलाल जयंती पखवाड़े के अंतर्गत शहर और माधवनगर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में चेट्रीचंड महोत्सव के अवसर पर सिंधु नौजवान मंडल कटनी द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी ने नई बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। प्रभात फेरी में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, गोविन्द सचदेवा, चंद्रलाल गिरवानी, कमल खूबचंदानी, गोवर्धन कुकरेजा, नेबंद खूबचंदानी, श्रीचंद भाटिया, अमर पुरस्वानी, मेघराज खूबचंदानी, प्रेम बत्रा, बलराम बसरानी, मोहन सचदेवा, संजय खूबचंदानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# तेलगु पराठा और मशरूम मंचूरियन बनाना सीखा पैरेंट्स ने

## सनशाइन एकेडेमी में मम्मी की पाठशाला का आयोजन

**कटनी।** रायबाड़ा स्थित सनशाइन एकेडमी में श्रीमती विभा डेंगरे द्वारा मम्मी की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमे अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी अभिभावकों ने पूर्ण रूचि के साथ तेलगु पराठा, जुकीनी पिज्जा, पालक पास्ता, कबाब सेंडविच, तिरंगा पुड़ी और मशरूम मंचूरियन बनाना सीखा। इस कुकिंग क्लास के द्वारा अभिभावकों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की काला सीखी। पेरेंट्स ने विद्यालय में हुए इस एक्टिविटी की सराहना करते हुए कहा की ऐसी एक्टिविटीज के द्वारा पेरेंटिंग आसान हो रही है। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमति जूही जैन, प्रधान अध्यापिका श्रीमती सीमा दुबे, उप प्रधान अध्यापिका श्रीमती शबनम अख्तर, समस्त शिक्षकाओं व अभिभवकों की उपस्थिति सराहनीय रही।




# निषादराज जयंती पर 6 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा



कटनी। जय निषादराज समाजसेवा समिति द्वारा मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के सखा, माझी समाज के कुलगुरू गुहराज निषादराज जी की जयंती इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। निषादराज जयंती के अवसर पर आगामी 6 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जय निषादराज समाजसेवा समिति के घनश्याम निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि गुहराज निषादराज जयंती के अवसर पर 6 अप्रैल बुधवार को भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। वेंकट वार्ड, खिरहनी स्थित हनुमान मंदिर में निषादराज जी की पूजा अर्चना के उपरांत अपरान्ह 3 बजे से भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान श्री राम, माता सीता एवं लक्ष्मण को निषादराज जी द्वारा नाव से गंगा पार कराते हुए एवं अन्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। जुलूस एवं शोभायात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जय निषादराज समाजसेवा समिति ने समस्त स्वाजातीय बंधुओं से परिवार सहित शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।




# मनोरंजक खेलों का आयोजन, विजेताओं को मिले पुरस्कार

## उल्लासमय वातावरण में मना भारतीय जैन मिलन परिवार का वार्षिक समारोह

**कटनी।** भारतीय जैन मिलन परिवार शाखा कटनी का वार्षिक मिलन समारोह उल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में आमंत्रित सभी विशिष्ट अतिथियों में नवनिर्वाचित पंचायत के सभी पदाधिकारीगण, सदस्य, पूर्व पंचायत के पदाधिकारी एवं अन्य सभी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के संरक्षक पदाधिकारी अतिवीर सुभाष सिंघई सुकीर्ति जैन पूर्व विधायक एवं राकेश जैन इंजीनियर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि संजय जैन अध्यक्ष जैन पंचायत, पंचम जैन उपाध्यक्ष शरद सरावगी उपाध्यक्ष अजित सिंघई मंत्री, डॉ संदीप जैन मंत्री मनीष जैन कोषाध्यक्ष मनीष जैन सहमंत्री दीपक जैन सहमंत्री मगन जैन पूर्वमंत्री दिगम्बर जैन पंचायत राजेन्द्र जैन पूर्वमंत्री, मिथलेश जैन जिलाध्यक्ष कांग्रेस, श्रीमति किरण जैन जिलामंत्री भाजपा महिला विंग ने भगवान आदिनाथ जी की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। संस्था के सभी सदस्यों के हौसले को संजय सिंघई अध्यक्ष जैन सोशल ग्रुप, अंकित जैन रॉयल एवं पुष्कर सिंघई रॉयल ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जैन मिलन शाखा अध्यक्ष शरत जैन ने सभी आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में संचित जैन ;उपाध्यक्ष जैन मिलन, वीर आकेत जैन ऑडिटर, अंकुर जैन प्रचार मंत्री मनोज जैन एवं वैभव जैन रानू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन जैन महिला मिलन अध्यक्ष वीरांगना सनिता जैन एवीरांगना पूर्वी आदित्य जैन सदस्य एवं वीरांगना संध्या जैन महिला परिषद द्वारा किया गया। मंगलाचरण प्रस्तुति वीरांगना नैनी जैन तथा भगवान महावीर स्वामी जी की स्तुति का गायन वीरांगना निकिता शरत जैन, वीरांगना सुचिता सिद्धार्थ जैन, ज्योति बालचंद जैन एवं वीरांगना संध्या लाली जैन ने किया। अतिथि सत्कार एवं स्वागत व्यवस्था का दायित्व आदित्य राकेश कक्का जैन, साहित्य जैन एवं राशुल जैन ने संभाला। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनों के लिए वात्सल्य भोज एवं विविध मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया एवं पुरुष्कार बांटे गए, जिसमें सभी ने बहुत आनंद उठाया।

# ढीमरखेड़ा कालेज का परीक्षा केंद्र सिहोरा होने पर एनएसयूआई ने जताया विरोध

## छात्र हित में परीक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा में बनाने की मांग

**कटनी।** बड़वारा विकासखंड की तहसील ढीमरखेड़ा स्थित शासकीय महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र जबलपुर जिले के सिहोरा में होने से छात्रों में आक्रोश व्याप्त है, जिसे एनएसयूआइ ने प्रमुखता से उठया है। एनएसयूआइ के राष्ट्रीय समन्वयक अंशू मिश्रा के निर्देश पर मो. इसराइल द्वारा विगत दिवस कालेज परिसर में विरोध प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि सीहोरा की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। कालेज में लगभग 1000 छात्र है, जिसमें प्रायः मध्यम व गरीब बार्ग से आते है, जिनके लिए इतने दूर केंद्र में परीक्षा देने जाना अत्यंत कठिनाई भरा होता है। ढीमरखेड़ा कालेज की एनएसयूआइ इकाई द्वारा जिले के अग्रणी तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य के समक्ष भी उक्त माँग ज्ञापन के माध्यम से रखी गई। ढीमरखेड़ा अध्यक्ष शाहरुख पठान ने बताया की ढीमरखेड़ा से सिहोरा जाने में प्रत्येक छात्र असमर्थ है, ऐसी स्थिति में परीक्षा केंद्र हमारे महाविद्यालय में ही बनाया जाना चाहिए। छात्रों पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। जिससे सभी छात्रों को राहत मिल सके। एनएसयूआइ ने 3 दिवस के अंदर छात्र हितों में ठोस कार्यवाही ना होने पर ढीमरखेड़ा कालेज में चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने में अग्रणी कालेज के अध्यक्ष अजय खतीक, अभिषेक प्यासी, सागर शुक्ला, रितु चक्रवर्ती, पिंकी मेहरा, रेणुका ठाकुर, अमित पटेल, उदित दुबे, साधना पटेल, शिवानी बर्मन उपस्थित रहे।



## स्टेशन पर बिखरे पार्सल, प्रबंधन बेपरवाह



यह नजारा कटनी साऊथ रेलवे स्टेशन का है, जहां प्लेटफार्म पर पार्सल बिखरे हुए पड़े हैं। जिसकी वजह से यहां ट्रेनों की आवाजाही के दौरान कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है। स्थानीय रेल प्रबंधन का ध्यान भी इस ओर नहीं है।


किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 25th March 2022

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI

Mittal
MALL





| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| The Kashmir Files | 9:00 AM | RRR | 8:15 AM | RRR | 9:00 AM |
| RRR | 12:15 PM | RRR | 11:45 AM | The Kashmir Files | 12:30 PM |
| The Kashmir Files | 3:45 PM | RRR | 3:15 PM | Bacchan Pandey | 3:45 PM |
| RRR | 7:00 PM | RRR | 6:45 PM | The Kashmir Files | 6:30 PM |
| The Kashmir Files | 10:10 PM | RRR | 10:15 PM | RRR | 9:45 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM

एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

# पक्के आवास से सुमन के परिवार में आई खुशहाली

## पहले बारिश में कच्चे मकान की छत से टपकता था पानी





**कटनी।** पहरूआ गांव निवासी सुमन बाई के पति की मृत्यु काफी दिनों पूर्व हो गई थी। उनका मकान कच्चा था और बारिश के दिनों में पूरी छत टपकती थी। मजबूरी में उसी मकान में रहना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुमन का पक्का आवास स्वीकृत हुआ और बनकर तैयार भी हो गया, जिसमें वे परिवार के सदस्यों के साथ हंसी खुशी से रह रही हैं। सुमन का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी चिंता दूर हो गई और इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आभारी हैं।

### पथराड़ी पिपरिया के रामदास का सपना भी हुआ पूरा

गरीबों के सिर पर पक्की छत का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार पूरा कर रही है। ऐसा ही सपना पूरा हुआ है पथराड़ी पिपरिया निवासी रामदास का। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उनके आवास की स्वीकृति मिली थी और निर्माण पूरा होने के बाद वे अब अपने नए आवास में रह रहे हैं। रामदास का कहना है कि कच्चे मकान में बहुत परेशानी होती थी और पक्का मकान बनवाने के लिए वे सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## सिजहरा के लवकेश को आवास के साथ मिला योजनाओं का भी लाभ



विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम सिजहरा निवासी लवकेश नामदेव को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। लवकेश का पहला कच्चा मकान था और योजना में स्वीकृति के बाद उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है, जिसमें उनका परिवार निवास कर रहा है। लवकेश का कहना है कि उनका पक्का मकान बनने के साथ ही उन्हें सरकार के श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ भी मिला है। जिसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आभारी हैं।



## नागालेंड व मणिपुर की संस्कृति एवं कला प्रस्तुत की छात्राओं ने

### गर्ल्स कॉलेज में ईबीएसबी क्लब का आयोजन



**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय ईबीएसबी क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ईबीएसबी क्लब की प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने छात्राओं के पेयर्ड स्टेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रथम गतिविधि समूह गायन नागालैंड जिसमें हितेश सिंह और निधि दुबे एवं एकल गायन मणिपुर जिसमें योगिता शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। मणिपुर गायन में छात्राओं ने मणिपुरी ईशवंदना प्रस्तुत किया। साथ ही अन्य छात्राओं को गायन के अर्थ को भी बताया। मणिपुरी वेशभूषा और नृत्य को छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की नम्रता निगम, भीम बर्मन, आरती वर्मा, डॉ. अशोक वर्मा, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ. कृष्ण गोपाल एवं अन्य 30 छात्राओं की सहभागिता रही।

## प्रदीप यादव के पक्के मकान का सपना हुआ पूरा, अब तो रिश्तेदार भी करते हैं तारीफ



**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के सिर पर पक्की छत का सपना पूरा कर रही है। जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत खम्हरिया नंबर-1 के निवासी प्रदीप कुमार यादव के पास पहले कच्चा मकान था और उसमें परिवार मुश्किल से निवास कर पा रहा था। रिश्तेदार घर आते थे तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रदीप यादव का पक्का मकान स्वीकृत हुआ और बनकर तैयार हो गया। प्रदीप का कहना है कि अब जहां उनका परिवार अच्छी तरह से निवास कर पा रहा है तो रिश्तेदार भी उनके मकान की तारीफकरते हैं। योजना के तहत पक्का मकान दिलाने के लिए प्रदीप ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहित जिले के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।

# शिकागो स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

### प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मिले आकर्षक पुरस्कार

**कटनी।** शिकागो स्कूल में वर्ष 2021-22 की वार्षिक परीक्षा के परिणाम छात्रों व अभिभावकों की उपस्थिति में घोषित किए गए। इस अवसर पर अतिथि के रुप में बीआरसी विवेक दुबे समाजसेवी दिलीप देवानी, अशोक राजश्री, भारती नागवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र व आकर्षक पुरस्कार दिए गए साथ ही अन्य सभी छात्रों को भी पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। परीक्षा में नर्सरी कक्षा से अनंता तिवारी प्रथम, आर्या वर्मन द्वितीय और करुणा कॉल तृतीय स्थान पर रही। केजी 1 से सौरभ लाधवानी, मयंक वाधवानी स्नेहा वर्ल्डे बल्दवाल क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रही। केजी 2 से रोहन नारंग, नव्या तिवारी, दीपक बजाज क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय थे। कक्षा पहली में विशाखा अरोरा, तमन्ना ममतानी, लक्ष्य कुकरेजा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी में सुमित भागवानी, कृष्णा शर्मा, तान्या अरोरा प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा तीसरी में पल रोचवानी, लक्ष कटारिया, लकी सिंघानी, कक्षा चौथी में नव्या जसूजा, पलक पोपटानी, दीपिका बर्मन और कक्षा पांचवी में दीपांशी जोतवानी, सुहाना रोहरा और पलक खत्री प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहते हुए सफलता प्राप्त की। माध्यमिक विभाग से कक्षा छठवीं में पियूष चेनानी, जिया बजाज, चिराग पोपतानी कक्षा सातवीं में नीति मूलवानी, जया झमनानी, वंशिता नागवानी और आठवीं में संस्कृति तिवारी, ओम तिवारी तथा प्रांतिका सिंह अपनी कक्षा में क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी वर्ग की कक्षा नवमी में दीशा मूलवानी, रिया हरजकलानी, रेखा चंदवानी और कक्षा ग्यारहवीं में खुशी झमनानी, कोमल असरानी, हर्षिता बेलानी क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर सफल रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशनी पांडे, अनिल दुबे, के के सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में शाला संचालक मोहन नागवानी प्रचार्य आर एल निगम ने छात्रों को आगामी सत्र में और अधिक पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# अब रोज खुलेंगे सहकारी संस्थाओं के कार्यालय

**कटनी।** सहायक आयुक्त सहकारिता ने जिले की समस्त सहकारी संस्थाओं के कार्यालय दैनिक रुप से खोलने के निर्देश संबंधित समिति प्रबंधक प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित को दिये हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि संस्था कार्यालय को प्रतिदिन खोले जाने के लिये वरिष्ठ कार्यालय से निर्देश प्राप्त हुये हैं। जिससे संस्था कार्यालय प्रतिदिन खोला जाना सुनिश्चित करें। यदि किसी संस्था का कार्यालय नहीं खोले जाने संबंधी शिकायत प्राप्त होती है एवं वर्ष 2022-23 में रबी उपार्जन समय पर प्रारंभ नहीं होता है, इसके लिये संबंधित स्वयं जवाबदेय होंगे। संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध सहकारी सोसायटी नियम एवं उपबंधों में वर्णित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में रबी उपार्जन का कार्य 4 अप्रैल से प्रारंभ होगा। जिसकी प्रारंभिक तैयारियों के लिये उपार्जन कार्य के लिये स्थल चयन, खरीदी प्रभारी एवं ऑपरेटर का संलग्नीकरण, हम्मालों की व्यवस्था, तौल कांटे, नमी मापक यंत्र, छन्ना, पंखा, सिलाई मशीन, धागा, टैग, पेयजल की व्यवस्था एवं पार्किंग की सुचारु व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। जिसके दृष्टिगत यह निर्देश जारी किये गये हैं।

**सहायक आयुक्त सहकारिता ने समिति प्रबंधकों को जारी किये निर्देश**

# सायना में मनाया गया हैप्पी वीक

### बच्चों ने टेंट में बिताई रातें




**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल अपने बच्चों का चतुर्दिक विकास करने के लिए संकल्पित है। इस कड़ी में विगत दिवस सायना के बच्चों को टेंट एक्टिविटी के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त किया गया। सभी बच्चे ने सुबह योग कक्षाओं के बाद जलपान कर कम्प्यूटर, आर्ट-क्राफ्ट, पेंटिंग, कराटे, डांस, म्यूजिक, पोट्री मेकिंग एवं नाट्य मंचन की कार्यशाला में सहभागिता की। बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रायफल शूटिंग का अभ्यास व बिरुहली भ्रमण था। बिरुहली में बच्चों ने स्वीमिंग पुल वाटर पार्क का खूब आनंद उठाया। प्रतिदिन शाम को खेल के बाद बच्चे तैयार होकर मैदान के बीचो-बीच आग जलाकर बैठ जाते थे। कुछ बच्चे गीत-संगीत की प्रस्तुतियाँ देते तो कुछ बच्चों द्वारा रात्रि भोज की तैयारी की जाती। यहाँ बच्चों में मौलिकता, कार्यकुशलता और जबावदारी का कौशल विकसित होता दिखा। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, जे.एस.के. लाल, दीपक बलयानी, पिंकी बलियानी, निखिल मेहता, हर्षेन्द्र यादव, शालू खुराना सहित अन्य शिक्षक भी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए नियमित उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए नाटक, गीत, नृत्य व कराटे का मंचन कर तालियां बटोरी। यह साप्ताहिक गतिविधि सचमुच में हैप्पी वीक के साथ बच्चों के लिए मधुर स्मृति बन गई। बच्चों ने रातें टैंटों में गुजारने का रोमांचक अनुभव भी प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों की सुविधाओं एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान सायना स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा रखा गया।

# मतदाता दिवस पर विविध स्पर्धाओं का होगा आयोजन

### 31 मार्च तक ली जाएंगी प्रविष्टियां

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश के निर्देश पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर माय वोट इज माय फ्यूचर, पॉवर ऑफ वन वोट का आयोजन स्वीप गतिविधि के अंतर्गत प्रत्येक वोट के महत्व को दर्शाने हेतु किया जा रहा है। प्रतियोगिता में क्विज, कांटेस्ट, वीडियो मेकिंग, पोस्टर डिजाईन, सांग एवं स्लोगन कांटेस्ट सम्मिलित है। जिसमें कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। नगर निगम चुनाव शाखा प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक नें बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिक जानकारी निर्वाचन आयोग की बेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है। क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन चरणों मे 20-20 प्रश्नों में से क्रमशः 07-07 प्रश्नों के उत्तर देने पर ई - सर्टिफिकेट डाउनलोड किये जा सकते है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तारीख 31 मार्च निर्धारित की गई है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा समस्त नगरवासियों तथा निवृतमान पार्षदों से प्रतियोगिता में भाग लेनें हेतु अनुरोध किया गया है।

# 17 मामले मौके पर निराकृत, 15 में कार्यवाही के निर्देश

### मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कटनी में की जनसुनवाई




**कटनी।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने सोमवार, 28 मार्च को जिला पंचायत कार्यालय, कटनी के सभाकक्ष में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में कटनी जिले के पहले से लंबित एवं मौके पर प्राप्त नये प्रकरणों की जनसुनवाई की। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार जैन एवं सदस्य मनोहर ममतानी ने कटनी जिले के सभी पूर्व लम्बित एवं मौके पर प्राप्त नये मामलों की सीधी सुनवाई की। इस अवसर पर कटनी जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील जैन, मप्र मानव अधिकार आयोग के पुलिस अधीक्षक एवं कटनी जिले के प्रस्तुतकर्ता अधिकारी सीताराम सस्त्या, कटनी जिले के सीईओ जिला पंचायत जगदीशचंद्र गोमे, एडीएम रोमानुस टोप्पो, एडिशनल एसपी मनोज केडिया, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा, एसडीएम (कटनी) प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार (नगर) कटनी संदीप श्रीवास्तव सहित मानव अधिकार हनन के लंबित मामलों से जुड़े विभागों के जिलाधिकारीगण एवं संबंधित मामलों के आवेदकगण भी मौजूद थे। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा यहां कटनी जिले के पहले से लंबित 17 एवं मौके पर प्राप्त 15, कुल 32 प्रकरणों की सीधी जनसुनवाई की गई। आयोग द्वारा इन सभी प्रकरणों में से 10 पूर्व लंबित एवं 07 नये प्राप्त, कुल 17 मामलों का अंतिम निराकरण कर दिया गया। आयोग द्वारा पहले से लंबित एवं जनसुनवाई में निराकरण से शेष रहे 07 प्रकरणों में आयोग को प्राप्त हुए प्रतिवेदन में वांछित तथ्यों की कमी को देखते हुए दी गई रिपोर्ट से असहमत होकर नये तथ्यों की पूछताछ कर मौके पर मौजूद संबंधित विभागाधिकारियों को इन मामलों में अग्रिम कार्यवाही कर पुनः प्रतिवेदन देने कहा गया। नये प्राप्त प्रकरणों में से निराकरण से शेष रहे 8 प्रकरणों में आयोग द्वारा संबंधित विभाग के जिलाधिकारियों को तथ्यात्मक प्रतिवेदन देने को कहा गया, ताकि जल्द से जल्द निराकरण हो सके।



# छात्र छात्राओं को प्रदान की स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी

**नगर निगम द्वारा फारेस्टर खेल मैदान में क्रीडा स्पर्धा के दौरान चलाया गया जागरूकता अभियान**

**कटनी।** स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निर्धारित मानकों की जानकारी हर नगरवासी को हो इसके लिए नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस स्थानीय फारेस्टर प्लेग्राउंड में विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन कर छात्र–छात्राओं को स्वच्छता सर्वेक्षण की मानकों से अवगत कराया गया। छात्र छात्राओं को सर्वेक्षण के बिंदुओं की जानकारी प्रदान कर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु आज फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित खेल प्रतियोगिता के दौरान निगम प्रशासन द्वारा विभिन्न स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घर– घर अलख जगायेगें हम बदलेगें जमाना गीत के माध्यम से नुक्कड नाटक के माध्यम से अमानक प्लास्टिक एवं पॉलिथीन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान की जाकर अमानक पॉलिथीन का उपयोग बंद कर कपड़े के थेले का उपयोग कर प्लास्टिक मुक्त नगर बनानें में सहयोग प्रदान करने अपील की गई। रोजाना घरों से निकलनें वाले गले–सूखे कचरे एवं हानिकारक कचरे के प्रकारों के संबंध में विस्तृत से जानकारी प्रदान की जाकर इनहे अलग – अलग डस्टबिन में रखनें तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में ही देकर हम किस तरह से अपनें नगर को साफएवं स्वच्छ रख सकते है इस हेतु विस्तृत से जानकारी प्रदान की गई। स्वचछ सर्वेक्षण की नागरिक प्रतिक्रिया पार्ट के तहत फीडबैक के दौरान पूछे जाने वाले 10 प्रश्नों की जानकारी से अवगत कराया जाकर प्रश्नों का सकारात्मक जवाब देकर कटनी को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने में निगम प्रशासन का सहयो प्रदान करने अपील की गई।

# शहर को स्वच्छ रखने दो पालियों में जारी हैं प्रयास







### डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर शहरवासियों को किया जा रहा जागरूकता

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कर स्वच्छता का ऊंचा पायदान हासिल करने नगर निगम अमला पूरा जोर लगा है। कलेक्टर एवं निगमायुक्त की देखरेख एवं मार्गदर्शन में दो पालियों में सफाई चलाकर नगर को स्वच्छ बनाने हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य अमले द्वारा रोजाना शहर के मुख्य मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों मे रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया जाकर सुचारू सफाई के प्रयासों सहित विभिन्न सर्वजनिक मार्गो, नाले नालियों, सुलभ प्रसाधनों की सफाई व्यवस्था के साथ ही मुख्य मार्गो की सुंदरता हेतु डिवाईडर, डस्टबिन, लिटरबिन, कचरे के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कया जा रहा है। मुख्य मार्गो में बिखरी पन्नियों की बिनाई की जाकर सर्वजनिक मार्गो की दीवारों में अनाधिकृत रूप से लगे बैनर पंपलेट को हटाकर मार्गो को स्वच्छ एवं सुदंर बनाने के प्रयास किये जा रहे है।

प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से पन्ना मोड, चांडक चौक प्वाइंट, आजाद चौक से शेर चौक, मिशन चौक, जगमोहन दास वार्ड ईदगाह परिसर, घंटाघर प्वाइंट, फॉरेस्टर प्ले ग्राउण्ड परिसर, शिवाजी वार्ड मेन रोड, सुधार न्यास बिल्डिंग के पास, राय कॉलोनी के विभिन्न स्थलों, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, तिलक कॉलेज मार्ग, माधवनगर गेट के बाजू से, कटायेघाट सुरम्य पार्क के सामनें गाजर घांस की कटाई, बाबा नारायण शाह वार्ड समदड़िया आभूषण के सामने सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य कराया गया। नगर के सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जालपा देवी वार्ड स्थित जालपा माता मंदिर, काली माता मंदिर के पास तथा तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पीछे, नई बस्ती राधा स्वामी सत्संग भवन के पास की नालियों, कावसजी वार्ड मलिन वंशकार बस्ती, फारेस्टर वार्ड खेर माता मंदिर से भूरे लाले के मकान तक एवं वार्ड की अन्य गलियों की नालियों, कटायेघाट मोड स्थित बडे नालों की सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड चौरसिया किराना गली सहित नगर के अन्य स्थलों के सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। मुख्य मार्गो सहित अन्य गलियों की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से नागरिकों से घर घर संपर्क कर घरों से निकलनें वाले कचरे के प्रकारों की जानकारी प्रदान की जाकर गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने, कचरे की मात्रा को कम करने हेतु गीले कचरे से घर पर ही खाद बनाने की जानकारी प्रदान की जाकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की जा रही है।

# प्रधानमंत्री से संवाद करने आयुध निर्माणी में हो रही तैयारी

### एक अप्रैल को बच्चों एवं शिक्षकों से सीधी बात करेंगे पीएम मोदी

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 1 अप्रैल दिन शुक्रवार को कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के सभी वर्गो के बच्चों से एवं उनके अभिभावकों से परीक्षा पर चर्चा करेंगे जिसके अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी में प्राचार्य के मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों एवं बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनकी बैठक व्यवस्था एवं कार्यक्रम को देखने के लिए दो एलईडी टीवी, डीटीएच एवं अटल प्रयोगशाला, विद्यालय के समस्त स्मार्ट बोर्ड पर प्रोजेक्टर के द्वारा कार्यक्रम को बच्चों तक पहुंचाने पर्याप्त नेटवर्क की भी व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। इस प्रकार सभी बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है और कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

### जिले के आनंदकों के लिये पांच दिवसीय ऑनलाइन अल्पविराम

**कटनी।** जिले के आनंदकों के लिए राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, भोपाल द्वारा निःशुल्क पांच दिवसीय ऑनलाइन अल्पविराम सत्र आयोजित किया जा रहा है। इसके लिये प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर मात्र 40 सीट उपलब्ध है। जिले के वें आनंदक जो पांच दिवसीय ऑनलाइन सत्र (11 अप्रैल से 15 अप्रैल, समय सायं 5:30 से 7:00 तक) के सत्र में शामिल होना चाहते हैं, वें उपलब्ध कराये गये वेबसाई लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन ऑनलाईन करा सकते हैं। इस सत्र में शासकीय कर्मचारी, गृहणी, कॉलेज स्टूडेंट या कोई भी नागरिक निशुल्क ऑनलाइन पंजीयन कराकर हिस्सा ले सकते है। पंजीयन हेतु वेबसाईट लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये अनिल कांबले, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीटर, आनंद संस्थान, कटनी मोबाईल नंबर 9977736191 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एक अप्रैल से फिर शुरू होगी कटनी-भुसावल पैसेंजर

## 2 साल बाद नए कलेवर में पटरी पर दौड़ेगी ट्रेन, कटनी से भुसावल के बीच कई छोटे स्टेशनों की यात्रा करने वाले यात्रियों को होगा फायदा



**कटनी।** कटनी से जबलपुर, इटारसी व भुसावल के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों के लिए खुश खबरी है। रेलवे गाड़ी संख्या 11127/11128 भुसावल-कटनी-भुसावल पैसेंजर को फिर पटरियों पर दौड़ाने जा रहा है। ये पैसेंजर ट्रेन आगामी 1 अप्रैल से फिर शुरू हो रही है। इस ट्रेन को दोबारा शुरू होने में 2 साल का वक्त लगा। दो साल बाद इस पैसेंजर ट्रेन को नए कलेवर में पटरियों पर उतारा जा रहा है। अबकी बार जब ये ट्रेन पटरियों पर उतरेगी तो केवल जनरल बोगी के साथ नहीं उतरेगी बल्कि इसमें स्लीपर और एसी कोच भी होंगे। इस पैसेंजर ट्रेन के शुरू होने से कटनी से भुसावल के बीच छोटे स्टेशनों के लोगों को फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि साल 2020 के मार्च महीने से भुसावल-कटनी-भुसावल पैसेंजर ट्रेन को कोरोना के कारण रेलवे ने बंद कर दिया था। इसका सीधा असर कटनी से भुसावल के बीच पड़ने वाले छोटे-छोटे स्टेशनों के यात्रियों पर पड़ा। उनके लिए भारी परेशानी खड़ी हो गई थी। इन यात्रियों को शहरों तक जाने के लिए बस, टैक्सी का सहारा लेना पड़ा। इससे उनका समय और पैसा दोनों ज्यादा खर्च हो रहे थे लेकिन अब 1 अप्रैल से भुसावल से कटनी और कटनी से भुसावल पैसेंजर गाड़ी संख्या 11127/11128 ट्रेन फिर शुरू होगी।

### इन स्टेशनों में रुकेगी ये पैसेंजर ट्रेन

कटनी से भुसावल के बीच यह पैसेंजर ट्रेन अधिकांश छोटे-छोटे स्टेशनों में ठहराव लेकर चलेगी। जिसमें माधव नगर रोड, निवार, सारंगपुर, स्लीमनाबाद रोड, डुंडी, सिहोरा रोड, गोसलपुर, देवरी, अधारताल, जबलपुर, मदनमहल, भेड़ाघाट, भिटौनी, विक्रमपुर, श्रीधाम, करकबेल, बेलखेड़ा, घाटपिण्डरई, नरसिंहपुर, करेली, बोहानी, गाडरवारा, सालीचौका रोड, जुन्हेटा, बनखेड़ी, पिपरिया, सोहागपुर, गुरमखेड़ी, बगरातवा, सोनतलाई, गुर्रा, इटारसी, दुलरिया, धरमकुंडी, बानापुरा, भैरोंपुर, पगढाल, टिमरनी, चारखेड़ा, हरदा, पलासनेर, मसनगांव, भिरंगी, खिरकिया, डगरखेड़,ए विरुड, छनेरा, चारखेड़ा खुर्द, सुरगांव बंजारी, तलवड़िया, मथेला, खंडवा, बड़गांव गुजर, डोंगरगांव, सागफाटा, नेपा नगर, बुरहानपुर, वाघोड़ा, रावेर, निम्भोरा व सावदा स्टेशन शामिल है।

### ये रहेगी ट्रेन की समयसारणी

गाड़ी संख्या 11127 भुसावल-कटनी पैसेंजर 1 अप्रैल को भुसावल स्टेशन से 11:10 बजे निकलेगी और 14:00 बजे खंडवा पहुंचेगी। इसके बाद 14:05 बजे खंडवा से निकलेगी और 14:15 बजे मथेला पहुंचेगी। 14:17 बजे मथेला से निकलेगी और 19:50 बजे इटारसी पहुंचेगी। 20:00 बजे इटारसी से निकलेगी और अगले दिन रात 2 बजे जबलपुर व सुबह 4:50 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 11128 कटनी-भुसावल पैसेंजर 2 अप्रैल को कटनी स्टेशन से 23:50 बजे निकलेगी और रात 2:25 पर जबलपुर तथा अगले दिन 09:10 बजे इटारसी पहुंचेगी। 09:20 बजे इटारसी से निकलेगी और 11:28 बजे हरदा पहुंचेगी। 11:30 बजे हरदा से निकलेगी और 15:14 बजे मथेला पहुंचेगी। 15:16 बजे मथेला से निकलेगी और 15:25 बजे खंडवा पहुंचेगी। 15:30 बजे खंडवा से निकलेगी और 18:35 बजे भुसावल स्टेशन पहुंचेगी।

## बीना-भोपाल की बजाय जबलपुर-इटारसी होकर चलेगी कामायनी

### कटनी-बीना रेलखंड पर तीसरी लाइन का काम हुआ तेज,विंध्याचंल, मेमू सहित कई ट्रेनें रद्द, कई के बदले मार्ग

कटनी। अप्रैल माह में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर नहीं है। रेलवे ने इस दौरान कई मरम्मत के काम शुरू किए हैं, जिस वजह से ट्रेनों की आवाजाही को अवरुद्ध किया जाएगा। जबलपुर रेल मंडल की सीमा में आने वाले कटनी से बीना रेल लाइन पर मरम्मत का काम अप्रैल में शुरू किया जा रहा है। इस वजह से कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं कुछ ट्रेनों के मार्ग को परिवर्तित कर दिया गया है। रेलवे ने ट्रैक की मरम्मत का काम तेज कर दिया है। इस वजह से यात्री ट्रेनों को एक के बाद एक कर रद्द किया जा रहा है। कटनी से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं कई ट्रेनों के मार्ग भी बदले गए हैं। जानकारी के मुताबिक कटनी-बीना रेलखंड में चल रहे काम की वजह से ट्रेनों के आवागमन पर असर हुआ है। कटनी-बीना रेल खंड में तीसरी लाइन का काम चल रहा है। इस वजह से इस रूट में 3 से 10 अप्रैल के बीच कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक एवं गाड़ी संख्या 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 04 अप्रैल से 11 अप्रैल तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 11271/11272 इटारसी-जबलपुर-कटनी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक दोनो दिशाओं में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06621/06622 बीना-कटनी-बीना मेमू ट्रेन 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक दोनों दिशाओं में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12185/12186 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति रेवांचल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर गन्तव्य को जाएगी। इसी तरह 03 अप्रैल, 05 अप्रैल एवं 07 अप्रैल को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11703 रीवा-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल होकर तथा 04 अप्रैल, 06 अप्रैल एवं 08 अप्रैल को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11704 डॉ. अम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर गन्तव्य को जाएगी। इसी प्रकार 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11071/11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर गंतव्य को जायेगी। वहीं 04 अप्रैल एवं 08 अप्रैल को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस कटनी मुड़वारा-बीना की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-इटारसी-भोपाल तथा 04 अप्रैल एवं 09 अप्रैल को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11465 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस बीना-कटनी मुड़वारा की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-इटारसी-जबलपुर होकर गंतव्य को जाएगी। जबलपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने बताया कि इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को किसी तरह की समस्या ना हो इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनके यात्रियों को टिकट रिफंड किया जाएगा।

## कल कटनी आएंगे राष्ट्रकवि बाबा मौर्य

### साधूराम स्कूल में सायं 7 बजे कवि संगम

**कटनी।** कल 31 मार्च को राष्ट्रकवि बाबा मौर्य का कटनी आगमन हो रहा है। साधूराम स्कूल प्रांगण में राष्ट्र जागरण हेतु राष्ट्रीय कवि संगम का आयोजन विश्वहिन्दू परिषद द्वारा सायं 7 बजे से किया जा रहा है। राष्ट्रीय कवि बाबा मौर्य सहित राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कविताओं का पाठ करने वाले अन्य कवि भी समारोह में मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम श्रीलंका से अयोध्या की ओर श्रीराम वनगमन पथ काव्ययात्रा के रूप में किया जा रहा है। यात्रा का प्रथम पड़ाव बड़वारा तहसील में दोपहर 12 बजे होगा तथा यात्रा बड़वारा से कटनी नगर के जुहला बायपास में प्रवेश करेगी। इसके पश्चात खिरहनी ओव्हर ब्रिज से गर्ग चौराहा, टिकिया चौराहा, गोलबाजार, सुभाष चौक, मिशिन चौक, आजाद चौक, झंडा बाजार होते हुए साधूराम स्कूल पहुंचेगी जहां राष्ट्रीय कवि बाबा मौर्य एवं देश के प्रख्यात कवियों की राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कविताओं का वाचन किया जाएगा। विश्वहिन्दू परिषद परिवार ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

# शहर में दिखने लगा गर्मी का असर

### दिन चढ़ने के साथ ही धूप में आ रहा तीखापन

**कटनी।** अप्रैल के पहले ही गर्मी ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सूरज निकलते ही धूप की चमक चकाचौंध कर रही है। दिन चढ़ने के साथ ही धूप में तीखापन बढ़ता जा रहा है। तेज धूप के साथ ही गर्म हवाएं भी अब लोगों को कुम्हलाने लगी है। दोपहर में अब तेज धूप से लोगो के पसीने छुटने लगे हैं। तापमान भी 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। गर्मी का ये अंदाज देखकर ये संभावना जताई जा रही है की अप्रैल माह में रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। तापमान भी 42-43 डिग्री तक पहुंच सकता है। फिलहाल बुधवार को भी गर्मी का असर ज्यादा महसूस हो रहा है। शरीर को कुम्हलाने वाली गर्म हवाओं से लोग परेशान करने लगी है।



### गमछा, चश्मा का सहारा

गर्म हवा से बचने के जतन भी शुरू हो गए हैं। लोगों को अब चश्मा, गमछा, चुनरी का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं बार-बार सूखते गले को तर करने के लिए लोग आइसक्रीम, लस्सी, छाछ सहित अन्य तरावटदार पेय पदार्थो का सेवन करने लगे हैं। मौसम विभाग की माने तो मौसम शुष्क हो गया है। तापमान भी बढ़ने लगा है। अब तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी जा सकेगी।

### जमकर तपाएगा अप्रैल का महीना

मार्च के अंतिम दौर में दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जो 40 डिग्री से कुछ कदम ही दूर है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री तक ऊपर आ गया है। यानी दिन के साथ ही रात में गर्म होगी। तापमान की बढ़ती चाल को देखते हुए मौसम विभाग ने अप्रैल माह में तेज गर्मी पड़ने की संभावना जताई है। यानी अप्रैल माह इस बार जमकर तपाएगा।

### रात में मिल रही गर्मी से राहत

दिन भले ही गर्म होने लगा है लेकिन रात में गर्मी से फिलहाल लोगों को राहत मिल रही है। तामपान 20 डिग्री के आस होने और उत्तरी पश्चिम हवा के कारण गर्माहट का असर कम हो रहा है।


### आम सूचना

मेरा पक्षकार राधेश्याम साहू वल्द स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद साहू ईश्वरीपुरा वार्ड कटनी जिला कटनी मध्यप्रदेश के अंतर्गत स्थित भवन क्रमांक 24 जिसकी लंबाई चौड़ाई 13X30 दो मंजिला भवन का स्वामी है जिसमें वह निवासरत है मेरे पक्षकार का पुत्र विकास साहू जो मेरे पक्षकार को तरह-तरह से परेशान कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है जिसकी लिखित रिपोर्ट दिनांक 16/03/2022 को कोतवाली कटनी में की जा चुकी है। मेरे पक्षकार अपने पुत्र विकास के इन्हीं सब कृत्यों से प्रताड़ित होकर उसे अपनी उपरोक्त संपत्ति से बेदखल करते हैं वह संपत्ति को खुद-बुर्द करने की कुचेष्टा में है। इसलिए मेरे पक्षकार का विकास साहू से किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता नाता नहीं है ना ही किसी प्रकार का हक अधिकार मेरे पक्षकार की संपत्ति में रहेगा।

**अधिवक्ता- मीत धवल**
**आजाद चौक, कटनी (म.प्र.)**

**SPECIMEN FROM CHANGE OF NAME**

I hitherto know as Kusum W/O Late Shri Hari Shanker Mishra employed as P.No. 2676 / QC section ordnance factory katni ( M.P. ) residing at (present address ) Near Old Employment Exchange, in front of Bhargava Building , Jay prakash Ward , Katni dist . Katni M.P. 483501. Have changed by name and shall hereafter be known as Kusum Mishra. It is certified that I have complied with other legal requirements in connection.

**Signature (in existing old name)- Kusum Mishra**

### भूखण्ड/भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री आशीष जैन** निवासी शांति नगर कालोनी कटनी (म.प्र.) ने शांति नगर कालोनी कटनी स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी. 54 के लीज नामांतरण बावत आवेदन किया है। यह भवन **श्री शंकर राव केतकर** के नाम से आवंटित है। यदि भूखण्ड/भवन का लीज नामांतरण/हस्तांतरण श्री आशीष जैन के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति/पारिवारिक सदस्यों/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को कोई आपत्ति है तो वे ठोस प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर नामान्तरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी । इसके उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृ.नि. एवं अधो. वि. मण्डल संभाग, कटनी**

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.





सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ**
**मार्बल एण्ड ग्रेनाईट**

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन

**एडवांस्ड**
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर



-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड
-सी टी एबडामन 30 सेकेंड
-कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511

### फ्लैट खाली है

नदीपार स्थित कृष्णा कोल्ड स्टोरेज में 1 बीएचके फ्लैट खाली है। पार्किंग, नल, बिजली पानी सहित, इच्छुक संपर्क करें।
अमित मो.
7566020612

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033





# श्रद्धांजलि-बरसी कार्यक्रम







हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री सुरेश सिंह चौहान (पहलवान)**

की बरसी दिनांक 31 मार्च 2022 दिन गुरुवार को है

जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं

विनीत- श्रीमति नंदा चौहान (पत्नी) शिवम सिंह चौहान, सत्यम सिंह चौहान (पुत्र)
महेन्द्र सिंह चौहान, श्री समरजीत सिंह चौहान (बाबा ठाकुर), श्री विजय सिंह चौहान, श्री योगेन्द्र सिंह चौहान (पप्पू) श्री संतोष सिंह चौहान (गुड्डू) (भाई) एवं समस्त चौहान परिवार मो.
7999185285 सत्यम चौहान, 9993457999 व्हाट्सएप 8839009299 शिवम चौहान (पुत्र)

कार्यक्रम स्थल
चौहान मार्केट, गर्ग चौराहा, हनुमानगंज, कटनी
समय- दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)